17 JULY- janj Bhoomi PG-01_Layout 1 7/17/2024 10:38 PM Page 1


हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 18 जुलाई 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री

4 दर्जनभर गांवों में अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ता हो रहे परेशान



## खबर संक्षेप

### फसल बीमा कराने के लिए शिविर लगेगा आज

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत किकिरदा के पंचायत भवन में गुरूवार 18 जुलाई को समय दोपहर 12 से फसल बीमा करने हेतु शिविर लगेगा। फसल बीमा करने के लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी जैजैपुर और बीमा कंपनी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। कृषि विभाग जैजैपुर के द्वारा ग्राम किकिरदा, करही और देवरीमठ के किसानों से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर फसल बीमा कराकर शासन की योजनाए का लाभ उठाने की अपील की है।

### टेमर में ट्रेन से कटकर युवक ने की खुदकुशी

**जांजगीर-चांपा।** सक्ती जिले में टेमर समपार के पास ट्रेन के सामने कूदकर युवक ने खुदकुशी कर ली। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चला सका है। शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर पुलिस जांच में जुटी है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत अड़भार निवासी शेख अकबर अहमद डॉक्टरी की पढ़ाई कर रहा था। बुधवार 17 जुलाई को वह टेमर समपार के पास पहुंचा और ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो सका है। फिलहाल पुलिस शव पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की जांच में जुट गई है। मोहर्रम के दिन घटी इस घटना के बाद मृतक के परिजन सदमे में है।

### फांसी लगाकर बुजुर्ग ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**हसौद।** एक बुजुर्ग ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है, आत्महत्या का कारण अज्ञात है। वहीं स्थानीय पुलिस ने वृद्ध के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है। पूरा मामला हसौद का है। जहां गांव के भागीरथी माली पिता रसीया माली उम्र 57 वर्ष ने 17 जुलाई बुधवार की तड़के सुबह करीबन 5 बजे बाजार पारा तालाब के किनारे स्थित बोहार पेड़ में नायलॉन रस्सी के सहारे फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। गांव के लोगों से सूचना मिलने पर हसौद पुलिस मौके पर पहुंची और बुजुर्ग के शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा गया और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद बुजुर्ग का शव उसकें परिजनों को सौंप दिया गया है। हसौद पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है।

### किसान स्कूल में आज से शुरू होगा मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण

**बहेराडीह।** किसान स्कूल बहेराडीह में 18 जुलाई से मशरूम उत्पादन का निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसी भी राज्य या जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के किसान, बिहान महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं, युवक, युवतियां शामिल हो सकती हैं। किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि इस समय का मौसम पैडी मशरूम अर्थात पैरा पुटू उत्पादन के लिए बहुत ही अनुकूल है। जिसे देखते हुए किसानों को निःशुल्क मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिए जाने का निर्णय लिया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य के अलावा किसी भी राज्य या जिले के किसान, बिहान की महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं, युवक,युवतियां शामिल हो सकते हैं। वहीं कोई भी उम्र के लोग यहाँ पर किसी भी समय अपने सुविधा के अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य के अलावा जिले के किसान, बिहान की महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं, युवक,युवतियां शामिल हो सकते हैं। वहीं कोई भी उम्र के लोग यहाँ पर किसी भी समय अपने सुविधा के अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

# दो जिलों में बंटे नया बाराद्वार नगर पंचायत की तस्वीर बदलने की उम्मीद नहीं

## वार्डो के परिसीमन को लेकर शासन स्तर पर अब तक नहीं मिला मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

विभाजन के बाद सक्ती के अलग जिला बनने के दौरान दो भागों में बंटे नगर पंचायत नया बारद्वार की तस्वीर इस बार के वार्ड परिसीमन में भी बदलने की उम्मीद इस साल भी नहीं है। दरअसल परिसीमन के संबंध में होने वाली तकनीकी समस्याओं को लेकर ना केवल नगर पंचायत द्वारा बल्कि सक्ती जिला प्रशासन द्वारा भी शासन से मार्गदर्शन मांगा गया, लेकिन वहां से अब तक कोई जवाब नहीं आया है। ऐसी स्थिति में पुराने परिस्थितियों में ही इस निकाय में चुनाव होना है।

गौरतलब है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में सक्ती को नया जिला बनाया गया, तब नगर पंचायत बाराद्वार दो भागों में बंट गया। जिला गठन के दौरान बाराद्वार 15 में से 11 वार्ड सक्ती जिला में चले गए, जबकि बाकी के 4 वार्ड जांजगीर जिला में आ रहे है। इनमें से वार्ड नंबर 12 आंशिक रूप से जांजगीर चांपा जिले में है, जबकि 13, 14 और 15 वार्ड पूरी तरह से जांजगीर चांपा जिले में है। इस तरह की परिस्थितियों को देख हुए तात्कालिक तौर पर कोई निर्णय नहीं लिया जा सका, लेकिन वर्तमान में जब नगरीय निकाय चुनाव को लेकर वार्डो के परिसीमन की कार्रवाई चल रही है। तब दोनों जिलों में नगर पंचायत बाराद्वार की भौगोलिग परिस्थिति बदलने की उम्मीद थी। इसको लेकर नगर पंचायत के अलावा सक्ती जिला प्रशासन एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग और नगरीय प्रशासन छत्तीसगढ़ शासन मंत्रालय रायपुर को लगातार पत्र भेजकर मार्गदर्शन मांगा गया, लेकिन इस संबंध में शासन स्तर पर कोई मार्गदर्शन नहीं मिला है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक बीते 8 जुलाई को ही तहसीलदार और मुख्य नगर पालिका के पत्रों के आधार पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सक्ती द्वारा नगरीय प्रशासन और निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर जांजगीर व सक्ती जिला में बंटे नगर पंचायत बाराद्वार के बारे में अवगत कराते हुए मार्गदर्शन मांगा गया, परंतु पत्र भेजने के 10 दिनों बाद भी कोई मार्गदर्शन नहीं मिला है। ऐसी स्थिति में यहां 11 वार्डो में चुनाव संबंधी कामकाज सक्ती प्रशासन द्वारा किया जा रहा है तो शेष 4 वार्डो का कामकाज जांजगीर चांपा जिला प्रशासन के अधीनस्थ है। कुल मिलाकर उच्चाधिकारियों से मार्गदर्शन नहीं मिलने की स्थिति में दो जिलों में बंटे नगर पंचायत नया बाराद्वार की तस्वीर इस बार भी बदलने की उम्मीद नहीं है।




### मांगे है मार्गदर्शन

विभाजन के बाद नगर पंचायत नया बाराद्वार के 11 वार्ड सक्ती जिले में है। 12 का आंशिक व 13 से 15 वार्ड जांजगीर जिले में आते है। परिसीमन कार्य शुरू होने के पूर्व से नगरीय प्रशासन एवं निर्वाचन आयोग को जानकारी भेजी दी गई थी। मार्गदर्शन मांगा गया है। अभी तक कोई मार्गदर्शन नहीं मिला है। यथा स्थिति काम हो रहा है।

-विरेन्द्र लकड़ा,
अपर कलेक्टर, सक्ती

## पामगढ़ ब्लाक के कोसीर में बिगड़ रहे हालात, गांव में लगा शिविर

# 24 घंटे के भीतर डायरिया ने ली तीन जानें, 100 से अधिक पीड़ित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पामगढ विकासखंड के ग्राम कोसीर में डायरिया ने पैर पसार लिए हैं। गांव में सौ से अधिक लोग बीमारी की चपेट में आ चुके हैं। डायरिया अब जानलेवा साबित हो रहा है। गांव में 24 घंटे के भीतर 3 लोगों की मौत हो चुकी है। कैम्प लगाकर गांव में दवा वितरण किया जा रहा है। गंभीर मरीजों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। बरसात की शुरूआत होते ही डायरिया का प्रकोप भी शुरू हो गया है।

बलौदा ब्लॉक के करमंदा के बाद पामगढ़ ब्लॉक के कोसीर में डायरिया फैल गया है। तीन दिनों से कोसीर में डायरिया कहर ढा रहा है। अब तक 100 से ज्यादा लोग डायरिया की चपेट में आ चुके हैं। बुधवार को डायरिया पीड़ति एक युवक की मौत हो गई। वहीं मंगलवार को भी दो मौत हो चुकी है। डायरिया से 3 मौत के बाद गांव में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि गांव का रहने वाला विजय कुमार यादव भी डायरिया से पीडित था। मंगलवार को उसे इलाज के लिए परिजन गांव में ही स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लगाए गए कैंप में लेकर गए थे। कैंप में ही ड्रिप चढ़ाकर प्राथमिक उपचार करने के बाद जरूरी दवाएं दी गई और उसे पामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर किया गया। परिजन उसे घर ले गए जहां तबीयत और बिगडऩे पर रात में पामगढ़ अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इसी तरह गांव के बुजुर्ग नरोत्तम राय और दुकालू यादव को भी डायरिया ने चपेट में ले लिया था। नरोत्तम लकवा का भी मरीज था, वहीं दुकालू सांस का मरीज था। डायरिया की चपेट में आने के बाद दोनों की मौत हो गई। इधर गांव में स्वास्थ्य विभाग का कैम्प लगाया गया है। शिविर में उल्टी दस्त के मरीजों का उपचार करने के साथ ही घर घर जाकर सर्वे किया जा रहा है। गंभीर हालत होने पर मरीजों को सीएचसी पामगढ और जिला अस्पताल जांजगीर रेफर किया जा रहा है।



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती डायरिया के मरीज।

### कोसीर पहुंचे विधायक और कलेक्टर

कोसीर में डायरिया के जानलेवा होने की जानकारी मिलते ही हड़कंप मच गया। गांव में डायरिया फैलने की जानकारी होने पर पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंश बुधवार की सुबह ग्राम कोसीर पहुंची। इधर कलेक्टर आकाश छिकारा भी गांव पहुंचे। विधायक और कलेक्टर ने घरों में जाकर ग्रामीणों का हालजाना जाना। साथ ही कैंप भी पहुंचकर निरीक्षण किया। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पामगढ़ भी पहुंचकर भर्ती मरीजों से जानकारी ली। वहीं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बेहतर उपचार कराने निर्देशित किया।

### बीमारी हुआ जानलेवा, प्रशासन बेपरवाह

बरसात पूर्व शासन द्वारा जिला प्रशासन के अफसरों को जलजनित बीमारी की रोकथाम के लिए पूर्व तैयारी के साथ आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे, लेकिन जिम्मेदार प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। मीटिंग के नाम पर विभागीय अधिकारियों को सुबह से शाम तक बैठाने वाले जिम्मेदार अधिकारियों ने गांव में फैलती बीमारी की रोकथाम के लिए ना जाने कैसी तैयारी की थी। एक दो गांवों में बीमारी फैलते ही स्थिति बेकाबू होने लगी। कुछ दिन पहले बलौदा के करमंदा में डायरिया से एक मौत हुई थी, तो इसके बाद पामगढ़ के कोसीर में 24 घंटे के भीतर 3 जानें चली गई।

### कर रहे उपचार

गांव में स्थिति नियंत्रण में करने पूरा प्रयास किया जा रहा है। लगातार घरों में जाकर अमला जांच कर रहा है। गांव के कैंप में भेजकर पीड़तिों का इलाज करा रहे हैं। घरों में भी दवाईयां बांटी जा रही है। जिनमें भी लक्षण नजर आ रहे हैं उनको पामगढ़ सीएचसी में भर्ती कराया जा रहा है। गंभीर केस को जिला अस्पताल रेफर किया जा रहा है।

-डॉ सौरभ यादव,
बीएमओ पामगढ़

# जिले में नहीं थम रहा रेत का अवैध उत्खनन



रेत उत्खनन व परिवहन में लगा ट्रैक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन का सिलसिला कही थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले की जीवनदायिनी महानदी हसदेव सहित अन्य सहायक नदियों में सक्रिय माफिया मशीनों से हजारों घनमीटर रेत निकाल रहे है। दूसरी ओर रेत का अवैध परिवहन गांव ही नहीं शहरों व जिला मुख्यालय की सड़कों पर भी बेरोकटोक हो रहा है।

गौरतलब है कि जिले में चांपा, हथनेवरा, पीथमपुर, पथर्रा, केरा, बिर्रा, सिलादेही, करही, किकिरदा, कनस्दा, सिघुल, शिवरीनारायण, तनौद, पामगढ़, अकलतरा और बलौदा ब्लाक के दर्जनों गांव में रेत घाट पर इन दिनों सैकड़ों गाड़ियां लगी होती है। यहां चैन माउंटेन और बड़ी बड़ी जेसीबी मशीनों से नदियों का सीना छलनी करके हजारों घनमीटर रेत का उत्खनन किया जाता है। इसके बाद बड़े बड़े ठेकेदारों की गाड़ियां नदी में उतरती है और रेत लेकर जिले के अलावा पड़ोसी जिला बिलासपुर में भी सप्लाई करने निकल पड़ती है। पामगढ़ क्षेत्र के देवरी, तनौद, बोरसी, शिवरीनारायण में सक्रिय माफिया दिन रात मशीन चलाकर महानदी का सीना छलनी कर रहे है। यहां पर्यावरण विभाग के सारे नियमों को ताक पर रखकर प्रतिदिन सैकड़ों गाड़ियां रेत का परिवहन कराया जाता है। ना केवल रात में बल्कि दिन में भी नदी से रेत भरकर हाइवा और ट्रैक्टर बेखौफ दौड़ते है। इसी प्रकार बिर्रा, किकिरदा, चांपा, पीथमपुर, बलौदा के कुदरी, देवरी चिचोली, केराकछार, केवा भांदा आदि रेत घाट पर भी बड़ी बड़ी मशीनें उत्खनन कार्य में लगी होती है और ट्रैक्टर के अलावा हाइवा से परिवहन का काम 24 घंटों निर्बाध गति से होता है। रेत माफिया बरसात में मुंहमांगे दाम पर रेत बेचने के लिए जगह जगह पर भंडारण कर रहे है।

# जमीन संबंधी विवाद को लेकर मारपीट, 5 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार



जमीन संबंधी विवाद को लेकर बिछिया गांव में घर घुसकर मारपीट करने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बाराद्वार थाना क्षेत्र के ग्राम बिछिया निवासी महेशराम पटेल के साथ गांव के ही हरिशंकर यादव का जमीन संबंधी पुराना विवाद था। इसी विवाद पर हरिशंकर यादव ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर महेशराम पटेल के घर घुसकर पिटाई कर दी थी। मारपीट से महेशराम को गंभीर चोटें आई। मामले में पुलिस ने महेशराम पटेल की रिपोर्ट पर धारा 115 (2), 351 (3),333,191 (2),191 (3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की। पुलिस ने आरोपी हरिशंकर यादव पिता राधेश्याम यादव उम्र 55 साल, अमित कुमार यादव पिता हरिशंकर यादव उम्र 20 साल, राजकुमार यादव पिता हरिशंकर यादव उम्र 24 साल, बालकुंवर यादव पति हरिशंकर यादव उम्र 45 साल एवं हीरा बाई यादव पति अमित कुमार यादव उम्र 29 साल को गिरफ्तार कर लिया।

# बाइक की आपस में भिड़त, दो गंभीर रूप से घायल

**जांजगीर-चांपा।** बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के चोरहादेवरी में बुधवार को 2 बाइक की आपस में भिड़न्त हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर 108 की टीम घटना स्थल पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार करते हुए हॉस्पिटल में एडमिट कराया।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम लंकाहुण्डा निवाड़ी सुखलाल केंवट उम्र 50 वर्ष शादी में शामिल होने ग्राम चोरहादेवरी आ रहा था। इसी दौरान गांव के ही मंतोष केंवट उम्र 25 वर्ष की बाइक के साथ उनकी आमने-सामने से टक्कर हो गई। हादसे में दोनों घायल हो गए। सूचना मिलने पर 108 के पायलट प्यारे लाल देवांगन और ईएमटी अर्जुन सिंह राठौर तुरन्त घटना स्थल पर पहुँचें और दोनों घायलों का उपचार करते हुए सीएचसी बम्हनीडीह आकर भर्ती कराया।

## सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए दी गई जानकारी

# जागरूकता रैली में ड्राइवरों को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जागरूकता रैली कार्यक्रम के दौरान ड्राईवरो को थाना प्रभारी जांजगीर ने यातायात नियमों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए उचित बचाव के लिए जानकारी दी गई। साथ ही बिना सील बेल्ट व बिना हेलमेट के वाहन नहीं चलाने की समझाईश दी गई।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंघ जांजगीर चाम्पा द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन बुधवार 17 जुलाई को जांजगीर मुख्यालय में रखा गया था। रैली कार्यक्रम के दौरान निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी जांजगीर द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए, उचित बचाव के लिए उपस्थित ड्रायवरों को यातायात नियमों का पालन करने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही शराब पीकर वाहन नही चलाना, बिना हेलमेट पहनकर वाहन नही चलाना, वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, नो पार्किंग में वाहन खड़ी नहीं करना, मोटर सायकल में तीन सवारी नही चलना, वाहन में रिफ्लेक्टर ग्लास लगाना, वाहन का हेड लाईट आधा काला नही होना, बिना सीट बेल्ट के वाहन नही चलाना, बिना हेलमेट वाहन नही चलाने की जानकारी दी गई। साथ ही बिना सील बेल्ट व बिना हेलमेट के वाहन नहीं चलाने की समझाईश दी गई। जागरूकता रैली को शांति पूर्ण कराए जाने में थाना जांजगीर स्टाफ का योगदान रहा।







जागरूकता रैली में शामिल ड्राइवर संघ के पदाधिकारी।

# 50 पाव देशी शराब के साथ एक आरोपी को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

50 पाव देशी शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला जैजैपुर थाना अंतर्गत बेलादुला ग्राम का है।

16 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली कि जैजैपुर नहर पुल के पास जैजैपुर में अवैध देशी प्लेन शराब रेड कार्यवाही की गई। जहां गोलू कुमार बर्मन पिता राजेंद्र कुमार बर्मन उम्र 24 साल ग्राम बेलादुला थाना जैजैपुर के द्वारा अपने मोटर साइकिल प्लेटिना क्रमांक सीजी 11 जेड 3549 में टंकी के सामने 2 सफेद रंग के प्लास्टिक के बोरी अंदर अवैध 50 पाव देशी प्लेन शराब जुमला 9 बल्क लीटर शराब कीमती 45 सौ रुपए को परिवहन करते गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी को 16 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।


शिशु रोग विशेषज्ञ की सेवाएं उपलब्ध

नायक मेटरनिटी एण्ड सर्जिकल सेंटर चांपा में दिनांक 16/07/24 से शिशु रोग विशेषज्ञ की सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध रहेंगी।

क्षेत्र की जनता इस सेवा का लाभ उठा सकती है।

## खबर संक्षेप

### उद्यानिकी एवं क्रेडा विभाग ने सामुदायिक बाड़ी का किया गया निरीक्षण



**कोरबा।** सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग एवं क्रेडा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जिले में खनिज न्यास मद से निर्मित एफआरए सामुदायिक बाड़ी का निरीक्षण कर योजना के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन स्थिति की जानकारी ली गई। उद्यानिकी एवं क्रेडा विभाग द्वारा विकासखण्ड कोरबा के कल्दामार एवं केराकछार में कृषकों के एफ.आर.ए. सामुदायिक बाड़ी में पहुंचकर भौतिक सत्यापन किया गया। कल्दामार के कृषक अच्छेलाल एवं अन्य कृषकों के प्रक्षेत्र में सिंचाई के लिए लगे हुए सोलर पैनल एवं नलकूप चलित अवस्था में हैं। कृषकों द्वारा सामुदायिक बाड़ी में आम के पौधे लगाए गए हैं एवं वर्तमान में कृषकों द्वारा बाड़ी में सब्जी उत्पादन की तैयारी की जा रही है। जिले में वर्ष 2020-21 में जिला खनिज न्यास मद से 53 एफआरए सामुदायिक बाड़ी का निर्माण कराया गया है। उद्यान एवं क्रेडा विभाग द्वारा अन्य एफआरए सामुदायिक बाड़ी का संयुक्त निरीक्षण किया जा रहा है।

### एनसीडीसी माध्यमिक शाला में मना वन महोत्सव



**कोरबा।** एनसीडीसी माध्यमिक शाला में 13 जुलाई को बैगलेस डे एक्टिविटी में वन महोत्सव मनाया गया। जिसमें एक पेड़ मां के नाम समर्पित किया गया। जिसमें पूर्व प्रधान पाठक एम के मिश्रा और सीएसी बाल गोविंद श्रीवास और शाला की समस्त शिक्षिकाएं श्रीमती अरुणा चन्ने, श्रीमती अनिता टंडन, श्रीमती अल्पना साहू, श्रीमती अनुसूया साहू, श्रीमती मीनूरानी देवांगन और शाला की समस्त छात्र-छात्राएं वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल रहें।

### प्रवीण बने बामसेफ के अध्यक्ष सुनील मूलनिवासी संघ के अध्यक्ष



**कोरबा।** जिले में मूलनिवासी संघ की नई जिला कार्यकारिणी का गठन व स्वागत सियान सदन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मूलनिवासी संघ के राज्य अध्यक्ष तारेश सुरतावान ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत पिछली बैठक के कार्यवृत से शुरू हुई। इसके बाद वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें संगठन के गतिविधियों व आय व्यय का विस्तृत विवरण शामिल था। तपश्चात पूर्वकार्यकारिणी को विघटित किया गया। नव गठित कोरबा जिला कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष सुनील सुना, उपाध्यक्ष गेन्दलाल सिदार, उपाध्यक्ष रेखा साहू, उपाध्यक्ष रामनारायण श्रीवास, महासचिव प्रदीप बन्दे, कोषाध्यक्ष, नंदकिशोर साहू, प्रशिक्षण सचिव शिव श्रीवास, प्रशिक्षण सचिव अमर दास, मिडिया प्रभारी सय्यद हसन अली, कार्यकारिणी सदस्य विवेक यादव, सदस्य गौतम कुर्रे, अनिल आदित्य, विजय यादव शामिल हैं।

### खाद्य विभाग ने चेंबर ऑफ कॉमर्स को लिखा पत्र

**कोरबा।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अतंर्गत समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण भारत सरकार नई दिल्ली के द्वारा अनुमोदित एजेंसीस से समय-समय पर प्रशिक्षण प्राप्त करना आवश्यक है। पूर्व में प्रदाय किये गये प्रशिक्षण जिसके अवधि 2 वर्ष की होती है वह समाप्त हो चुकी है। खाद्य कारोबारकर्ताओं को उक्त प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है। प्रशिक्षण का उल्लेख एवं प्रमाण-पत्र लायसेंस के नवीनीकरण में प्रस्तुत करना होगा अन्यथा आगे लायसेंस नवीनीकरण नहीं हो सकेगा तथा ऑनलाइन खाद्य कारोबारकर्ता को नोटिस जा सकता है, लायसेंस निलंबित व रद्द हो सकता है।

### शिक्षक ने की व्याख्याता पदोन्नति की मांग

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य व्याख्याता पदोन्नत समिति के नेतृत्व में 15 माह से पदोन्नति प्रक्रिया के लिए शतत प्रयास किया जा रहा है। प्रदेशभर के समस्त बीईओ, डीईओ संयुक्त संचालकों व डीपीआई के संबधित अधिकारियों को कई बार ज्ञापन भेंटकर निवेदन किया जा चुका है व लगातार दूरसंचार से चर्चा जारी है फिर भी आज पर्यंत 14 माह बीत जाने के बाद शिक्षकों को साफ सुथरी त्रुटि रहित वरिष्ठता सूची प्राप्त नहीं हो पाई है। जितने बार भी सूची जारी हुई है हो रही है सेकड़ों कमी, त्रुटि बार बार हो रही हैं जिसके सेकड़ों प्रमाण प्रदेशभर से शिक्षक अवगत करा रहे हैं।

# नगर निगम का वार्ड परिसीमन : 8 दिन में 48 आपत्तियां मिली प्रशासन को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

नगरीय निकाय चुनाव के तहत नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड परिसीमन के बाद प्रकाशित की गई वार्डों के सीमा निर्धारण और नए वार्ड के लिए शहरवासियों से 22 जुलाई तक दावा आपत्ति मांगा गया है। 9 जुलाई से शुरु हुई दावा आपत्ति की इस प्रक्रिया में महज 8 दिन में ही 48 आपत्तियां शहर के विभिन्न हिस्सों से आम लोग व पार्षदों द्वारा दर्ज कराई जा चुकी है।

वर्ष 2011 की आबादी को आधार मानकर आने वाले नगरीय चुनाव को लेकर नए सिरे से वार्डों का परिसीमन किया गया है। पूर्व में नगर पालिक निगम में 67 वार्ड हुआ करते थे। 8 वार्ड नगर पालिका बांकीमोंगरा में शामिल किए जाने के बाद निगम कोरबा में 59 वार्ड शेष रह गए थे। नगरीय निकाय अधिनियम के तहत नगर पालिक निगम अंतर्गत 67 वार्ड किया जाना है। जिसके लिए नगर पालिक निगम के 59 वार्डों का नए सिरे से सीमा निर्धारण का काम किया गया। अधिकारियों के द्वारा वार्ड क्षेत्र का भ्रमण कर सड़क मार्ग, मंदिर, तालाब, स्कूल जैसे प्रमुख स्थलों को सीमा क्षेत्र में शामिल कर वार्डों की सीमा बनाई गई। जिसका प्रकाशन किए जाने के बाद शहरवासियों से इसके लिए दावा आपत्ति का काम शुरु किया गया। 9 से 22 जुलाई तक दावा आपत्ति का समय निर्धारित किया गया है। इसके तहत 16 जुलाई तक 48 आपत्तियां वार्ड पार्षदों एवं आम लोगों के द्वारा दर्ज कराई गई हैं। कलेक्ट्रेट में वार्ड परिसीमन को लेकर आपत्तियां दर्ज कराने के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति कर काउंटर भी बनाए गए हैं। जहां प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक आम शहरवासी वार्ड परिसीमन की सीमा निर्धारण के संबंध में लिखित रुप से अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है।

## 9 से 22 जुलाई तक कर सकते हैं आपत्ति

**खास बात**

- पार्षद के साथ आम लोग भी आपत्ति दर्ज कराने पहुंच रहे कलेक्ट्रेट

### शहर से ज्यादा आपत्तियां

नगरीय निकाय अधिनियम के तहत आम लोगों के द्वारा दर्ज कराई जा रही आपत्तियों में सर्वाधिक आपत्ति शहरी क्षेत्र से आई है। पोड़ीबहार, सीतामणी, कोसाबाड़ी, रिस्दी, खरमोरा, दादर जैसे बड़े वार्डों से ज्यादातर आपत्तियों में लोगों ने अपने पुराने रिहायशी क्षेत्र को नए वार्ड के सीमा में शामिल किए जाने को लेकर आपत्ति दर्ज कराई हैं वहीं कुछ लोगों ने आपत्तियों में गलत ढंग से सीमा का निर्धारण किए जाने का उल्लेख किया है। इसके अलावा सीमा के निर्धारण को लेकर तालाब और मंदिर का निर्धारण भी किया गया है। कई वार्ड ऐसे हैं जिसके कुछ रिहायशी इलाके दो वार्ड में बंट गए हैं जो कभी एक वार्ड में आते थे।

### दर्री जोन से कम आपत्ति

नगर पालिक निगम के दर्री जोन से सबसे कम आपत्ति दर्ज कराई गई है। वहीं बालको जोन अंतर्गत भी लोगों ने आपत्ति दर्ज कराई है। बालको जोन अंतर्गत बेलगड़ी बस्ती को नया वार्ड बनाया गया है। पूर्व में बेलगड़ी बस्ती लालघाट वार्ड में शामिल थी। इस बार चेक पोस्ट से लेकर अमर सिंह होटल, फायर ब्रिगेड कॉलोनी, बेलगड़ी बस्ती को मिलाकर नया वार्ड का निर्माण किया गया है किंतु आपत्तियां इस क्षेत्र से नहीं आई है।

## एसईसीएल के अस्थायी हेलीपैड पर सबसे ज्यादा लैंड होता है हेलीकॉप्टर

# पुलिस लाइन में स्थायी हेलीपेड बनाने की तैयारी, चाक-चौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में जब भी वीवीआईपी का आगमन होता है तो ऐसे में हेलीकॉप्टर को उतारने के लिए एसईसीएल के अस्थाई हेलीपैड का तो इस्तेमाल किया जाता है लेकिन यहां सुरक्षा को लेकर हमेशा खतरा मंडराता रहता है यही वजह है कि अब पुलिस लाइन में हेलीपैड बनाने की दिशा पर पहल शुरु की गई है ताकि पुलिस लाइन में उतरने वाले वीवीआईपी सहित हेलीकॉप्टर को पर्याप्त सुरक्षा मिल सके।

**खास बात**

- पुलिस के अफसर लाइन में हेलीपेड बनाने तैयार कर रहे हैं प्रस्ताव




पुलिस लाइन में तैयार किया जा रहा स्थायी हेलीपैड।

उल्लेखनीय है कि अक्सर जिले में भी वीवीआईपी का आगमन होता रहता है। जिला मुख्यालय के सबसे करीब मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले एसईसीएल के हेलीपैड में हेलीकॉप्टर को लैंड कराया जाता है जो स्थाई रूप से बना हुआ है। जब कभी भी वीवीआईपी का आगमन होता है तो जिला प्रशासन द्वारा एसईसीएल के हेलीपैड की बेहतर ढंग से घेराबंदी करनी पड़ती है और सुरक्षा को लेकर खतरा भी बना रहता है। इसे लेकर जिला प्रशासन, पुलिस चिंतित भी रहती है। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि इसी वजह से अब जिला प्रशासन की पहल से पुलिस लाइन में पुलिस ग्राउंड के ठीक बगल में खाली पड़ी जमीन पर हेलीपैड बनाने की दिशा में पहल की जा रही है। इसके लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भेजा जा रहा है। जहां से अनुमति मिलने के बाद आने वाले दिनों में पुलिस लाइन में हेलीपैड बनकर तैयार हो जाएगा जो पूरी तरह से स्थाई होगा और पुलिस लाइन में सुरक्षा भी चाक चौबंद रहेगी।

निश्चित तौर पर पुलिस की पहल सराहनीय है क्योंकि बड़े शहर रायपुर व अन्य जिलों में पुलिस लाइन में ही हेलीपैड बने हुए हैं जहां वीवीआईपी के आगमन के दौरान पुलिस लाइन के हेलीपैड का ही इस्तेमाल किया जाता है।

### जिले में निजी उपक्रमों के है हेलीपैड या एयर स्ट्रिप

जिले में वैसे तो हेलीपैड की बात करें तो जिले में कई स्थानों पर हेलीकॉप्टर को लैंड कराया जाता है। ज्यादातर एसईसीएल के जिला मुख्यालय स्थित हेलीपैड का ही इस्तेमाल होता है लेकिन कई बार सुरक्षा की दृष्टिकोण से सीएसईबी के फुटबॉल ग्राउंड या फिर इंदिरा स्टेडियम में अस्थाई हेलीपैड बना दिया जाता है। इसी तरह से निजी उपक्रमों के भी कई हेलीपैड हैं जिनमें एसईसीएल गेवरा में हेलीपैड बना हुआ है तो वहीं दूसरी ओर बालको का स्वयं का एयरस्ट्रिप है। जहां प्रशासन व अन्य उपक्रमों की हवाई जहाज आने पर इसी एयर स्ट्रिप का इस्तेमाल किया जाता है।

# सीएमडी मिश्रा को मिला बेस्ट सीईओ अवार्ड



अवार्ड ग्रहण करते श्री मिश्रा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भुवनेश्वर में 11-12 जुलाई को आयोजित 24वें जियोमाइनटेक सिम्पोज़ियम में एक्सीलेंस अवाड्र्स अंतर्गत कोयला खनन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा को बेस्ट सीईओ का अवार्ड मिला है। ज्ञात हो कि सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा के नेतृत्व में एसईसीएल ने कोयला उत्पादन में पिछले वर्ष दर्ज 25 मिलियन टन की रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी के ऊपर वित्त वर्ष 2023-24 में 20 मिलियन टन की बढ़ोत्तरी हासिल की है। डॉ मिश्रा के नेतृत्व में कंपनी में मिशन मोड की संस्कृति को बढ़ावा मिला है जिसके तहत कई मिशनों की शुरुआत की गई है। जिसमें स्किल डेव्लपमेंट के लिए मिशन नचिकेता, सतत धारणीय विकास के लिए मिशन सुदेश, सुरक्षा के लिए मिशन मितवा एवं सतर्कता एवं पारदर्शिता के लिए मिशन फाइट एवम मिशन जटायु को शुरू किया गया है। इन पहलों को पूरे कोयला उद्योग में सराहना मिली है। उक्त समारोह में एसईसीएल उत्पादन, पर्यावरण संवर्धन, एचआर एक्सीलेंस, स्वच्छ भारत अभियान तथा आपदा प्रबंधन में कुशल प्रदर्शन, मशीनों के रख-रखाव की व्यवस्था, सीएसआर कार्य तथा सेफ्टी आदि मानकों पर बेहतर कार्यनिष्पादन के लिए गोल्डन रेनबो अवार्ड भी प्रदान किया गया है। 14 जुलाई को एसईसीएल निदेशक मण्डल ने सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा से भेंट करते हुए समारोह के दौरान मिले अवाड्र्स को सौंपते हुए बधाई दी।

# कुदमुरा में हाथियों ने मचाया उत्पात मकान की तोड़ी बॉउड्रीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कोरबा व कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में मौजूद हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। सोमवार की रात झुंड में शामिल एक दंतैल हाथी झुण्ड सो बिछड़ गया और कुदमुरा बस्ती में घूसकर उत्पात मचाना शुरू कर दिया। इस दौरान दंतैल ने माखन रठिया नामक ग्रामीण के बाड़ी के बॉउड्रीवॉल को तोडऩे के साथ ही वहां लगे गन्ने की फसल को तहस नहस कर दिया। माखन द्वारा मंगलवार की सुबह सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर नुकसानी के आंकलन में जुट गया है। जहां दंतैल ने कुदमुरा में ग्रामीण के बॉउड्रीवॉल को ढहा दिया वहीं गीतकुंवारी में मौजूद एक अन्य दंतैल ने दो ग्रामीणों के खेत में लगे खड़ी फसल को रौंद डाला है। जबकि गुरमा क्षेत्र में घूम रहे लोनर हाथी ने धान खाने के चक्कर में एक ग्रामीण के आंगन में बंधे बैल को सूड़ से उठाकर पटक दिया जिससे वह घायल हो गया। ग्रामीण द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तत्काल रात में मौके पर पहुंचे और उत्पात मचा रहे दंतैल को खदेड़ा। जिस पर दंतैल ने जंगल का रूख किया। ज्ञात हो कि कुदमुरा वन परिक्षेत्र में 33 हाथी विचरण कर रहे है। जिनमें से 31 हाथी कुदमुरा परिसर के कक्ष क्रमांक 1140 में जमे हुए है। जबकि एक दंतैल हाथी गीतकुंवारी व एक लोनर गुरमा में सक्रिय है। हाथियो द्वारा उत्पात मचाए जाने से ग्रामीण भयभीत है। वहीं वन विभाग की चिंता भी बढ़ गयी है।

### विशेष शिक्षक भर्ती के लिए दावा आपत्ति 26 तक

**कोरबा।** जिले में दिव्यांग बच्चों हेतु 50 सीटर बाधारहित आवासीय छात्रावास में बच्चों की शिक्षा, प्रशिक्षण, थेरेपी एवं अन्य सुविधा प्रदान करने हेतु विभिन्न पदों पर एकमुश्त मानदेय पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत पात्र/अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। आवेदक जिले की वेबसाइट पर सूची का अवलोकन कर सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा ने बताया कि विशेष शिक्षा भर्ती हेतु जारी पात्र अपात्र सूची के संबंध में आवेदकों से दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है। आवेदक 26 जुलाई तक परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा कोरबा में कार्यालयीन समय में समुचित दस्तावेजों के साथ स्वयं उपस्थित होकर दावा-आपत्ति जमा कर सकते हैं। आवेदनों के अपात्रता के कारणों के अंतर्गत राज्य का मूल निवासी न होना, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन न होना, आरसीआई पंजीयन फिजियोथेरेपी काउंसिल से पंजीयन का न होना, आवेदित पद हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता न होना शामिल है।

# बिजली कंपनी में भर्ती के नाम पर ठगी की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में विभिन्न पदों के लिए फर्जी भर्ती की सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी देकर ठगी करने का प्रयास कतिपय लोगों द्वारा किया जा रहा है। इसकी जानकारी होने के बाद कंपनी प्रबंधन ने आगाह किया है कि ऐसे फर्जी विज्ञापनों पर ध्यान न दें। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि कतिपय लोगों द्वारा फर्जी जानकारी देकर छात्रों को ठगने का प्रयास किया जा रहा है। पॉवर कंपनी ने इस तरह का कोई विज्ञापन जारी नहीं किया है और न ही इस तरह के पदनाम से कोई सीधी भर्ती होती है। ठगी करने वाले छत्तीसगढ़ शासन और सीएसपीडीसीएल का अधिकृत लोगो (प्रतीक चिन्ह) का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर छत्तीसगढ़ बिजली विभाग भर्ती 2024 के नाम से फर्जी जानकारी साझा की जा रही है, यह पूरी तरह भ्रामक है। श्री वर्मा ने सर्वसाधारण को आगाह किया है कि इस तरह के फर्जी व भ्रामक विज्ञापन के झांसे में न आएं। किसी के द्वारा इसे लेकर पैसे मांगे जाते हैं तो पुलिस में शिकायत करें। पॉवर कंपनी में सभी भर्तियां विधिवत प्रक्रिया के तहत पूरी की जाती है, जिसके लिए समाचार पत्रों में अधिकृत विज्ञापन किये जाते हैं।

# बीमार किशोरी का झाड़ फूंक से इलाज, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 15 वर्षीय किशोरी की पिछले कई दिनों से तबीयत खराब थी उसे सर्दी बुखार था लेकिन परिजन उसकी अस्पताल में उपचार कराने की बजाय गांव में किसी बैगा के पास झाड़ फूंक करा रहे थे। जब उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तो उसे उपचार के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल लेकर आ रहे थे। चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत किशोरी को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र श्यांग थाना क्षेत्र के ग्राम गुरमा का है। यहां निवासरत स्व. हीरा सिंह मंझवार की 15 वर्षीय पुत्री बालमित्र को पिछले तीन दिनों से उसे सर्दी बुखार था परिजन उसे अस्पताल ले जाने की बजाए गांव में ही किसी बैगा के पास झाड़ फूंक करा रहे थे। पुलिस के मुताबिक बालमित्र की तबियत अत्यधिक बिगड़ने पर सोमवार की शाम उसके परिजन उसे गांव से उपचार करने के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां बीच रास्ते में ही बालमित्र की मौत हो गई। चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

### फांसी के फंदे में युवक की मिली लाश

उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उमरेली के कर्रापाली निवासी जगदीश कुमार विश्वकर्मा की लाश मड़वारानी रेलवे स्टेशन के समीप एक पेड़ पर फांसी के फंदे में लटकती हुई मिली थी। घटना की सूचना मिलने पर उरगा थाना प्रभारी कृष्णकुमार वर्मा दलबल सहित मौके पर पहुंचे और मामले की सूचना आला अधिकारियों को दी। मामले को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा व्याप्त थी मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के आला अधिकारियों के निर्देश पर सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट कोरबा से प्रभारी अधिकारी डॉक्टर सत्यजीत सिंह कोसरिया व टीम आरक्षक राजेश कुमार चंद्रा घटनास्थल पहुंचे। जहां उनके द्वारा घटनास्थल एवं शव का निरीक्षण किया गया। प्रथम दृष्टया मामला फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रतीत होता है।

## 100 से अधिक युवाओं को दिया गया प्रशिक्षण

# वेदांता स्किल स्कूल में मना विश्व युवा कौशल दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विश्व युवा कौशल दिवस पर बालको ने वेदांता स्किल स्कूल में 100 से अधिक प्रशिक्षुओं के लिए कार्यक्रम का आयोजन कियाजिसमें युवाओं को सशक्त बनाने और उनकी क्षमता को पहचानने में कौशल के महत्व पर जानकारी दी गई।



कार्यक्रम में शामिल प्रशिक्षणार्थी।

कार्यक्रम में व्यक्तिगत विकास और व्यावसायिक विकास दोनों को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन की गई प्रतियोगिताएँ शामिल थीं। इनका उद्देश्य छात्रों के अपने-अपने ट्रेड में कौशल को बढ़ाना और साथ ही उनके समग्र व्यक्तित्व को बढ़ावा देना था। आयोजन मनोरंजन और उत्साह से भरा रहा जिसमें नृत्य प्रदर्शन, फैशन शो, खाना पकाने की चुनौतियाँ और अन्य आकर्षक गतिविधियों के अलावा इलेक्ट्रिकल मॉडल बनाना शामिल था। सोलर पीवी इंस्टॉलर ट्रेड में प्रशिक्षु कशिश यांगडे ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि मैं आर्थिक रूप से सशक्त तथा परिवार का भरण-पोषण करना चाहती थी। सोलर एनर्जी के साथ काम करना अविश्वसनीय रूप से संतुष्टिदायक है। कंपनियों और सरकारी निकायों द्वारा सोलर स्त्रोतों पर बढ़ते ध्यान के साथ मुझे इस ट्रेड में कुशल होने पर गर्व है। फिटर ट्रेड से प्रशिक्षण प्राप्त हिमांशु कुमार साहू एक्वा पंप्स लिमिटेड में कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी स्वावलंबी बनने की यात्रा को साझा करते हुए कहा कि वेदांता स्किल स्कूल में 45-दिवसीय प्रशिक्षण जीवन बदलने वाला रहा है।


TOP IN JANJGIR

ADMISSION GUIDENS 2024-25

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 01 | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 02 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 03 | BPT (बेचलर ऑफ फिजीयो थैरेपी) | 4 Year | 12th Bio |
| 04 | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 05 | D. PHARMA | 2 Year | 12th Bio&Maths |

Gurukripa paramedical college
Nehru Chowk Bilaspur
Mo.7000421146



# ‘मनोरथंगल’ के ट्रेलर ने जीता फैंस का दिल

**नई दिल्ली।** अपकमिंग मलयालम एंथोलॉजी सीरीज़ ‘मनोरथंगल’ का पहला ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसे ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता लेखक और पटकथा लेखक-निर्देशक एमटी वासुदेवन नायर के जन्मदिन पर रिलीज किया गया। नायर द्वारा लिखित इस सीरीज़ में एक, दो नहीं बल्कि 9 सुपरस्टार्स नजर आने वाले हैं। इनमें सुपरस्टार ममूटी, मोहनलाल, फहद फासिल, कमल हासन, पार्वती थिरुवोथु और मधु जैसे कई बेहतरीन एक्टर्स का नाम शामिल हैं। ट्रेलर रिलीज होने के बाद फैंस इसे ब्लॉकबस्टर मास्टरपीस कहते हुए नजर आ रहे हैं और रिएक्शन देते दिख रहे हैं।

## लाइफ Style

# जाह्नवी ‘डिप्टी हाई कमिश्नर’ बनीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जान्हवी कपूर और गुलशन देवैया की मोस्ट अवेटेड स्पाई थ्रिलर फिल्म ‘उलझ’ का दमदार ट्रेलर 16 जुलाई को जारी किया गया। जंगली प्रोडक्शन की फिल्म 2 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसमें सस्पेंस, एक्शन और ड्रामा तीनों का मिक्स देखने को मिला।

नेशनल अवॉर्ड-विनिंग डायरेक्टर सुधांशु सरिया के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में जान्हवी सबसे कम उम्र की डिप्टी हाई कमिश्नर सुहाना भाटिया का किरदार निभा रही हैं। उनके सिलेक्शन पर सवाल खड़े होते हैं। कुछ लोग आरोप लगाते हैं कि सुहाना की नियुक्ति में नेपोटिज्म का काफी हाथ है, क्योंकि वह एक समृद्ध परिवार से हैं। वह अपने डिपार्टमेंट में अपनी जगह बनाने के लिए काफी मशक्कत करती हैं। ट्रेलर में दिखाया गया है कि जान्हवी लंदन एंबेसी की एक खबरी की तलाश में निकलती हैं और खुद ही उसके जाल में फंस जाती हैं। अपने ऊपर लगे देशद्रोह का आरोप हटाने के लिए और देश की रक्षा करने के लिए वह उन लोगों से भी भिड़ती हैं, जिन्होंने उन्हें और उनके देश को धोखा दिया है। फिल्म में रोशन मैथ्यू, आदिल हुसैन, राजेश तैलंग, मेयांग चांग, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी भी हैं। जान्हवी कपूर ने फिल्म का ट्रेलर इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, ‘हर किसी के पास एक कहानी है। हर कहानी के सीक्रेट्स हैं। हर सीक्रेट में ट्रैप है। इस ‘उलझ’ को सुलझाना आसान नहीं है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है और यह फिल्म 2 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## हॉलीवुड मसाला



# रैपर खलीफा ने मांगी माफी

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी रैपर विज खलीफा ने सोशल मीडिया पर रोमानिया देश से माफी मांगी है। उन्होंने उस देश में परफॉर्मेंस दी थी, और स्टेज पर ही स्मोकिंग करनी शुरू कर दी थी, जिसके कारण पुलिस ने गिरफ्तार किया था। मगर बाद में उनको रिहा कर दिया गया था। अब उनकी माफी की चर्चा हो रही है। अमेरिकी रैपर विज खलीफा ने सोशल मीडिया पर सभी से माफी मांगी है। दरअसल, उनको रोमानिया में अपनी परफॉर्मेंस के दौरान ड्रग्स के सेवन के लिए गिरफ्तार किया गया था।




# टीवी स्टार किम को पड़ी लताड़...

**मुंबई।** अमेरिकी रियलिटी टीवी स्टार किम कार्दशियन और उनकी बहन क्लोई कार्दशियन 12-14 जुलाई के बीच मुंबई में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी के उत्सव का हिस्सा थीं। सोमवार को, किम ने सेलिब्रेशन की नई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वह सफेद और सुनहरे रंग का मनीष मल्होत्रा का लहंगा और चोली पहने हुए थीं। अब रेडिट की एक पोस्ट में दावा किया गया कि किम ने भगवान गणेश की मूर्ति के साथ अपनी तस्वीर शेयर की थी और भारी आलोचना होने के बाद किम ने अपना इंस्टाग्राम पोस्ट डिलीट कर दिया। मंगलवार को, किम की नई तस्वीरों के बारे में एक रेडिट पोस्ट में वह अंबानी की शादी के जश्न के दौरान गणेश की मूर्ति पर अपना चेहरा रखे हुए थीं। एक यूजर ने लिख दिया- भारतीय संस्कृति का अपमान नहीं सहेंगे।



# सहेली की शादी में जाना माही को पड़ा महंगा


**नई दिल्ली।** भोजपुरी एक्ट्रेस माही श्रीवास्तव इन दिनों वो नाम है जो इस इंडस्ट्री में हर ओर छाया हुआ है।उनके भोजपुरी सॉन्ग रिलीज होते ही खूब पॉपुलर हो रहे हैं और फिर ये भोजपुरी गाना गोल्डी यादव ने गाया हो तो सोने पर सुहागा होना लाजिमी है।भोजपुरी सिनेमा की सुपरहिट जोड़ी माही श्रीवास्तव और गोल्डी यादव का नया गाना रिलीज हो गया है। भोजपुरी सॉन्ग गिर गईल नथिया बरतिया में यूट्यूब पर आया है और इसमें गोल्डी की आवाज और माही का डांस दोनों ही दर्शकों के दिल जीत रहे हैं। इस गाने के बोल जितने मजेदार हैं, उतने ही शानदार तरीके से इस फिल्माया भी गया है।वैसे भी इन दिनों भोजपुरी सिनेमा में मरून कलर सड़िया की धूम है।उसी बीच यह गाना भी काफी उम्मीदें लेकर आया है। माही श्रीवास्तव और गोल्डी यादव का भोजपुरी सॉन्ग गिर गई।



# ‘किंग’ में अभिषेक होंगे विलेन...

**नई दिल्ली।** शाहरुख खान के फैंस उनकी अगली फिल्म के बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बीते कुछ वक्त से चर्चा है कि वह अपनी अगली फिल्म में बेटी सुहाना के साथ नजर आएंगे, जिसका नाम किंग है। फिल्म किंग में पहली बार बाप-बेटी की यह जोड़ी नजर आने वाली है। अभिषेक बच्चन फिल्म किंग में शाहरुख खान के सामने विलेन के रोल में नजर आने वाले हैं। इस बात की पुष्टि अभिषेक के पिता अमिताभ बच्चन ने की है। अमिताभ बच्चन ने रिएक्शन देते हुए पोस्ट में बेटे अभिषेक को बधाई दी और लिखा, शुभकामनाएं अभिषेक.. यह समय है !!! सोशल मीडिया पर बिग बी का यह पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा है। एक्टर के फैंस पोस्ट को खूब पसंद कर रहे हैं। साथ ही कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस ओटीटी सीजन-3 में हुआ शॉकिंग नॉमिनेशन

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 में इस हफ्ते एक वाइल्डकार्ड एंट्री हुई है, जो कि सिंगर अदनान शेख हैं। घर में एंट्री करते ही आपने देखा कि उन्होंने विशाल पांडे को चांटा मारने वाले मुद्दे पर अपनी बात रखते हुए लवकेश कटारिया पर एक तंज कसा। वहीं, इसके चलते काफी बवाल भी देखने को मिला। लेकिन अब बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 का इस हफ्ते का शॉकिंग नामिनेशन देखने को मिला। दरअसल, खबरें हैं कि इस हफ्ते केवल एक ही कंटेस्टेंट नॉमिनेट हुआ है, जो और कोई नहीं बल्कि वाइल्ड कार्ड एंट्री अदनान शेख हैं। लेकिन इसके बाद आखिर में ट्विस्ट देखने को मिला है। बिग बॉस तक के अपडेट के अनुसार, इस हफ्ते का बिग बॉस नॉमिनेशन टास्क कैंसिल हो गया है। वहीं, इसके चलते अदनान शेख सिर्फ ऐसे कंटेस्टेंट है, जिसे की नॉमिनेट किया गया है। लेकिन बिग बॉस ने एक खेल खेला है और उन्हें रणवीर शौरी और विशाल पांडे के साथ अदनान को बाहर वाला बना दिया है, जिसके नियम के मुताबिक अदनान शो से बाहर नहीं हो सकते हैं।


## 22 साल बाद दोनों सिजलिंग अवतार में वापस आ गए कुमकुम और सुमित

**नई दिल्ली।** टीवी पर सबसे ज्यादा चर्चित शो ‘कुमकुम’ लोगों का फेवरेट था। जूही परमार और हुसैन कुवाजेरवाला ने कुमकुम और सुमित के रोल में लोगों के दिलों में इस कदर जगह बना ली कि आज भी उन्हें देखकर वो उतना ही खुश होते हैं। एक बार फिर से 22 साल बाद दोनों सिजलिंग अवतार में वापस आ गए हैं।‘कुमकुम’ भारतीय टेलीविजन पर सबसे फेमस शोज में से एक रहा है और इसे पूरे 22 साल हो चुके हैं। जूही परमार और हुसैन शो के जरिए एक घरेलू नाम बन गए, जो दोपहर के बैच में टीआरपी और स्लॉट लीडर था। 7 वर्षों तक राज करने वाला यह शो 2009 में लगभग 1500 एपिसोड के साथ बंद हो गया। ‘कुमकुम’ के 22 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए, जूही परमार ने कुछ दिन पहले टाइटल ट्रैक डाला था, जो करीब 20 मिलियन व्यूज के साथ वायरल हो गया है।



# ‘फेयरी फोक’ के निर्माताओं ने किया ऑनलाइन वितरण प्लेटफॉर्म लॉन्च

**मुंबई।** मनमोहक और जादुई यथार्थ से ओत-प्रोत फिल्म ‘फेयरी फोक’ के निर्माताओं ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट, www.fairyfolkthefilm.com के ज़रिये एक रोमांचक घोषणा की है। उनके अनुसार ये वेबसाइट अब एक ऑनलाइन वितरण प्लेटफॉर्म की भूमिका भी निभाएगी। जहां दर्शक सीधे इस फिल्म को देख सकेंगे और बदले में उन्हें भरनी होगी अपनी मनपसंद राशि। यह भारत में अपनी तरह का पहला प्रयोग है, जो फिल्म वितरण के एक नए मॉडल की शुरुआत भी है। करण गौर द्वारा निर्देशित और रसिका दुग्गल और मुकुल चड्ढा द्वारा अभिनीत ‘फेयरी फोक’ को मार्च 2024 में सीमित थिएटर रिलीज मिला था। मौखिक प्रचार के माध्यम से लोकप्रियता हासिल करने के बावजूद, फिल्म को महत्वपूर्ण वितरण चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसके कारण सिनेमाघरों से इसे समय से पहले हटाना पड़ा। जब स्वतंत्र फिल्मों के प्रदर्शन की बात चलती है तो डिजिटल प्लेटफार्मों की अनिच्छा भी साफ़ ज़ाहिर होती है। इन्ही चुनौतियों के जवाब में ‘फेयरी फोक’ की टीम ने अपनी वेबसाइट पर फिल्म को पेश करके एक अभिनव दृष्टिकोण को अपनाया है। यह प्लेटफ़ॉर्म दर्शकों को किसी भी राशि का भुगतान करने की अनुमति देता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हर कोई अपनी वित्तीय स्थिति की परवाह किए बिना फिल्म का आनंद ले सके।




# जगदीश राज को देख पुलिसवाले भी करते थे सैल्यूट, 144 फिल्मों में बने अफसर

नई दिल्ली। कुछ एक्टर अपनी जबरदस्त एक्टिंग और किरदार से दर्शकों के दिलों पर राज करते हैं। 1970 और 80 के दशक में कई ऐसे एक्टर हुए जिन्हें दर्शक एक ही रोल में बार-बार देखना चाहते थे। पुलिस अधिकारी के किरदार से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाले एक्टर जगदीश राज को लेकर दर्शकों में कुछ इसी तरह की दीवानगी थी. जिसका नतीजा यह हुआ कि इस टैलेंटेड एक्टर ने दो-चार नहीं बल्कि 144 फिल्मों में सिर्फ पुलिस अधिकारी का रोल निभाया। पर्दे पर 144 बार पुलिस अधिकारी का किरदार निभाने के लिए उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल है।

बॉलीवुड के साथ-साथ जगदीश राज के काम से हॉलीवुड डायरेक्टर्स भी प्रभावित थे। बताया जाता है कि हॉलीवुड के एक कास्टिंग डायरेक्टर ने जगदीश के काम से प्रभावित होकर एक्टर से मिलने की इच्छा जताई थी। इसके बाद गिनेज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की जांच टीम को बुलाया गया। 144 फिल्मों में एक जैसा किरदार (पुलिस अफसर का किरदार) निभाने के लिए एक्टर जगदीश राज खुराना का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। इस तरह मोस्ट टाइपकास्ट एक्टर का रिकॉर्ड एक्टर जगदीश राज के नाम है।जगदीश राज की बेटी अनीता राज हैं जो धर्मेंद्र के साथ नौकर बीवी का फिल्म में नजर आ चुकी हैं।



## कभी भी नहीं कटता था चालान

पुलिस के किरदार ने उन्हें ऐसी पहचान दिलाई कि एक्टर को सड़क पर देखकर पुलिस वाले भी सलाम करते थे। ऐसा कहा जाता है कि जगदीश राज पहले ऐसे बॉलीवुड एक्टर थे जिनकी सिक्योरिटी चेकिंग नहीं होती थी। पुलिसवालों के लिए एक्टर किसी रोल मॉडल से कम नहीं थे। यह भी बताया जाता है कि जगदीश राज का कभी भी चालान नहीं कटता था। 1992 में एक्टर ने फिल्मी करियर से संन्यास ले लिया था। 28 जुलाई 2013 को सांस की बीमारी के चलते 85 साल की उम्र में एक्टर का निधन हो गया था।

# शम्मी ने फैलाई थी आशा पारेख से शादी की अफवाह, शत्रुघ्न के बयान थे अपमानजनक...

*अरबाज खान द्वारा होस्ट किए जाने वाला टॉक शो द इनविंसिबल्स सीरीज सीजन 2 का नया प्रोमो सामने आ गया है, जिसमें दिग्गज एक्ट्रेस आशा पारेख बतौर गेस्ट नजर आ रही हैं और अपनी पर्सनल लाइफ पर बात करते हुए नजर आ रहे हैं। प्रोमो में वह बॉलीवुड में अपने सफ़र और बिजनेस में एक महिला होने के बारे में बताती हुई नजर आती हैं।*

**नई दिल्ली।** अरबाज़ खान से बातचीत के दौरान वह अपने को स्टार शम्मी कपूर से अपनी कथित शादी की अफ़वाहों को मज़ाकिया अंदाज़ में बताते हुए कहती हैं, ‘हां, हम शादीशुदा थे।’ उन्होंने उस पल को भी याद किया जब महान गुरु दत्त ने उनकी मां को फ़ोन करके कहा था कि ‘उन्हें नहीं लगता कि वह हीरोइन बन सकती हैं’। प्रोमो में एक्ट्रेस ने मजेदार किस्सा शेयर करते हुए बताया कि जब वह नाइट आउट के बाद लाल आंखों के साथ शूट के लिए सेट पर पहुंची थीं। उन्होंने कहा, मैंने अगले दिन शूट के लिए मना किया था। इसके अलावा उन्होंने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा के साथ अपने तनावपूर्ण संबंधों पर भी बात की और जिक्र किया कि उनके द्वारा की गई नकारात्मक टिप्पणियों ने उनके पेशेवर संबंध को प्रभावित किया है। उन्होंने शेयर किया, ‘यह ऐसा था जैसे चलो जैसा मैं चाहती हूं, वैसा ही करते हैं और फिर उन्होंने प्रेस में कुछ बयान दिए, जो उनके लिए बहुत अपमानजनक थे, मेरे लिए नहीं।’ आशा पारेख ने कालिया के बाद फिल्मों में काम करना बंद कर दिया। इसके बाद एक ऐसा मौका आया कि उन्होंने एक्टिंग बंद कर दी। इशके बाद उन्होंने टेलीविजन की ओर रुख किया और गुजराती सीरियल ज्योति डायरेक्ट किया। उनकी प्रॉडक्शन कंपनी आक्रुति ने पलाश के फूल, बाजे पायल, कोरा कागज और दाल में काला जैसे सीरियल प्रोड्यूस किए. इसके बाद उन्होंने त्योहार धमाका रियलिटी शो जज किया।



# भक्ति में लीन हुए अनुष्का व विराट

**नई दिल्ली।** अनुष्का शर्मा और विराट कोहली उन कपल्स में से एक हैं, जो अपनी फैमिली और पर्सनल लाइफ को हमेशा लाइमलाइट से दूर रखते हुए नजर आते हैं। इसी बीच कपल का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जो कि लंदन में आयोजित एक कीर्तन का है। दरअसल, अनुष्का शर्मा ने पति विराट कोहली के साथ लंदन में यूनियन चैपल में आयोजित कृष्ण दास के कीर्तन में शिरकत की थी, जिसकी कुछ तस्वीरें भी इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस ने शेयर की थी। लेकिन इसी इवेंट से एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कपल भक्ति में लीन होते हुए नजर आ रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### तागा मिडिल स्कूल में नमामि गंगे अभियान के तहत रोपे गए पौधे



**जांजगीर-चांपा।** जीवनधारा नमामि गंगे अभियान के तहत मिडिल स्कूल तागा के शाला परिसर में फलदार छायादार पौधे रोपे गए। प्रधान पाठक व स्टाफ सहित स्कूल की छात्राओ ने श्रम दान करके फलदार पौधे रोपे। इस मौके पर जीवनधारा नमामि गंगे के राष्ट्रीय सचिव शिक्षक अनुभव तिवारी ने बताया की जीवन धारा नमामि गंगे के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हरिओम शर्मा के निर्देशानुसार व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. अलका यादव के निर्देशन में जीवन धारा नमामि गंगे फाउण्डेशन के द्वारा फलदार छायादार औषधिय पौधो का रोपण किया जा रहा है, जिसके पहले चरण में शासकीय मिडिल स्कूल तागा में पौधा रोपण किया गया। पौधा रोपित करने से पर्यावरण संतुलन बना रहता है। अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत ज़रूरी है। पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। पेड़-पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं। फल--फूलों की प्राप्ति भी हमें पेड़-पौधों से ही होती है। मिडिल स्कूल तागा के संस्था प्रमुख एल पी पाण्डे ने बताया की जीवनधारा नमामि गंगे फाउण्डेशन के व्दारा पूरे भारत मे पर्यावरण की दिशा मे व्यापक कार्य किया जा रहा है जिसमे पौधा रोपण का कार्य तागा शाला प्रांगण मे किया गया। इस मौके पर शाला के शिक्षक नन्दलाल साहू, शांति साहू, शारदा थवाईत के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### चेम्बर आफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज बाराद्वार इकाई के दिनेश अध्यक्ष व पंकज बने सचिव





**बाराद्वार।** छत्तीसगढ़ चेम्बर आफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के द्वारा चेम्बर के कार्य में सहयोग करने एवं गतिशील बनाने के लिए चेम्बर का विस्तार करते हुए बाराद्वार इकाई जिला सक्ती हेतु संरक्षक के रूप में सतीश अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, पुरूषोत्तम अग्रवाल, ओमप्रकाश केडिया एवं गिरवर अग्रवाल को बनाया गया है। वहीं अध्यक्ष दिनेश शर्मा एवं सचिव पंकज सांवड़िया का मनोनयन किया है। चेम्बर के अन्य पदाधिकारियों में कोषाध्यक्ष पवन अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुनील कुमार अग्रवाल, राम अवतार अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, विकास अग्रवाल एवं दीपक अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य आशीष अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, संजय जैन, राजेश अग्रवाल (बालाजी), भीम सिंघानिया, नटवर बंसल, मनीष अग्रवाल का मनोनयन किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने कहा कि सभी पदाधिकारी प्रदेश के व्यापार एवं उद्योग के हित में कार्य करते हुए छत्तीसगढ़ चेम्बर को एक नई ऊंचाई पर लेकर जाएंगे। छत्तीसगढ़ चेम्बर आफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज बाराद्वार इकाई के दिनेश को अध्यक्ष एवं पंकज के सचिव बनने पर नगरवासियों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

### संगीत विद्यालय में 21 को मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**बिर्रा।** शारदा संगीत विद्यालय बिर्रा में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन ब्यास जी के जयंती के अवसर पर रविवार 21 जुलाई को सुबह 8:30 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम डॉ शुभम शुक्ला - शुक्ला हेल्थ केयर हॉस्पिटल बिर्रा, रितेश रमण सिंह राजमहल बिर्रा, रामकिशोर देवांगन शैक्षिक समन्वयक संकुल केंद्र बिर्रा, जितेंद्र तिवारी, मणि कश्यप सामाजिक कार्यकर्ता के सानिध्य में मनाया जावेगा। कार्यक्रम में संगीत गुरुओ का सम्मान किया जायेगा। गुरु पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम में संगीत गुरु जयंत कश्यप गुडरुकला, संतोष कश्यप मिसदा, श्रवण कुमार थवाईत बिर्रा, लोकेश देवांगन बिर्रा का सम्मान भी होगा। संगीत के विद्यार्थी अपनी कला की प्रस्तुति देंगे। संगीत विद्यालय के संचालक मनोज तिवारी ने संगीत प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

## निधन

### रमाकांत शुक्ला

**केरा।** ग्राम केरा के प्रतिष्ठित नागरिक रमाकांत शुक्ला का बुधवार 17 जुलाई को रायपुर में निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार 18 जुलाई को गृह ग्राम केरा स्थित महानदी के तट पर स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। अंतिम यात्रा सुबह 8 बजे निवास से निकलेगी।



### बंशगोपाल साहू

**तनौद।** समीपस्थ ग्राम खोरसी के प्रतिष्ठित नागरिक बंशगोपाल साहू का आकस्मिक निधन से हो गया। वे 90 वर्ष के थे। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र खेदनाथ साहू कुमार ने दी। उनका अंतिम संस्कार महानदी स्थिति मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में स्वजतीय बंधुओं के अलावा आसपास गांवों के ग्रामीण एवं रिश्तेदार शामिल हुए।



### 20 घंटे बाद भी रसौटा समेत आसपास के गांवों में बहाल नहीं हो सकी बिजली

# दर्जनभर गांवों में अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ता हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तनौद



रसौटा समेत दर्जनभर गांव के उपभोक्त उमस भरी गर्मी में हो रही अघोषित बिजली कटौती से खासे परेशान है। मंडल के कर्मचारियों द्वारा क्षेत्र के गांवों में कभी भी किसी भी समय बिजली की कटौती घंटों की जा रही है। आलम यह है कि हल्की बारिश या आंधी तुफान होने पर 24 घंटे क्षेत्र में बिजली गुल रहता है। बिजली नहीं होने से ग्रामीण रतजगा करने मजबूर है। 20 घंटे बाद भी रसौटा समेत आसपास के गांवों में बिजली बहाल नहीं हो सकी है। बारिश का मौसम होने से ग्रामीणों को जहरीले जीव जंतुओं का काटने का भय सता रहा है।

गौरतलब है कि विद्युत मंडल पामगढ़ अंतर्गत विद्युत वितरण केंद्र रसौटा से करीब दर्जन भर गांवों में बिजली सप्लाई होती है। वर्तमान में पड़ रही उमस भरी गर्मी में दर्जन भर गांवों में बिजली कटौती से विद्युत उपभोक्ता खासे परेशान है। विद्युत मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारियों को विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। विद्युत मंडल के कर्मचारी अपने हिसाब से जब चाहे रात हो या दिन बिजली कटौती कर रहे हैं। इसके चलते विद्युत उपभोक्ता रतजगा करने मजबूर हैं। विद्युत उपभोक्ता सब स्टेशन रसौटा के बिजली कर्मचारियों के मनमाने रवैये से परेशान हो चुके चुके हैं। शिकायत पर तुरन्त अमल हो ऐसा नहीं होता है। बिजली व्यवस्था के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के हिसाब से सेवा दिया जा रहा है परंतु ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी क्षेत्रों अपेक्षा बिजली बंद व चालू होते रहना आम बात है। परेशानी तो तब होती है जब 33 केवी 11 केवी की बात कही जाती है। ख़ासकर ट्रांसफार्मरों में क्षमता से अधिक भार बढ़ने पर समय बेसमय केबल वायर जलने से सुधार समय पर नहीं हो पाता। कभी कभी रात भर बिजली बंद या जीरो हो जाता है, यही नहीं रात में कोई तकनीकी फाल्ट आ जाए तो सुधार की कोई गुंजाइश नहीं होती है। विद्युत वितरण केंद्र रसौटा अंतर्गत तनौद, कमरीद, कोडाभाट, देवरघटा, खरगहनी आदि गांवों के विद्युत उपभोक्ता विद्युत व्यवस्था से खासे परेशान हैं। हल्की सी हवा चलने पर या मौसम खराब होने पर या बूंदा बांदी होने पर बिजली काट दी जाती है। चाहे दिन हो या रात हो या दोपहर हो विद्युत उपभोक्ताओं को न दिन में आराम मिल पा रहा है, और ना ही रात में चैन से सो पा रहे हैं। जेष्ठ असाढ़ माह की उमसभरी गर्मी में बिजली बंद रहने से कूलर पंखे विद्युत उपकरण, बोर पंप के नहीं चलने से विद्युत उपभोक्ताओं खासे परेशान है। इसके साथ ही पीने व नहाने के पानी के लिए दूर दराज हेड पंप बोरिंग जाना पड़ रहा है। महिलाएं दूसरे मोहल्ले के बोरिंग से पानी भरने को मजबूर हो रही है। विद्युत उपभोक्ताओं की माने तो 24 घंटे में से 20 घंटे रसौटा एवं आसपास के गांवो में बिजली कटौती की जा रही है। उपभोक्ताओं ने इसकी शिकायत विद्युत वितरण केंद्र रसौटा में की हैं, उसके बावजूद भी 24 घंटे बीत जाने के बाद भी सुधार कार्य नहीं किया गया है, जिसके कारण क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं में विद्युत मंडल के प्रति नाराजगी देखी जा रही है। विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याएं जस की तस बनी हुई है। विगत 20 जून से बिजली की आंख-मिचौली का खेल लगातार चल रहा है। बारिश का मौसम होने से ग्रामीणों को जहरीले जीव जंतुओं का काटने का भय सता रहा है।



## वर्षा ऋतु में बरती जाने वाली सावधानियों पर दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

वरिष्ठ नागरिक मंच की मासिक बैठक कुंवर भुवन भास्कर सिंह बालक माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्थित कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान वर्षा ऋतु में बरती जाने वाली सावधानियों सहित अन्य आवश्यक विषयों पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।

■ वरिष्ठ नागरिक मंच की मासिक बैठक में परिचर्चा का आयोजन

परिचर्चा में शामिल सदस्यों को संबोधित करते हुए डॉ. जी पी दीक्षित एवं आर सी मिश्र ने वरिष्ठ नागरिकों को बारिश में न भीगने, गर्म पानी पीने, ज्यादा मिर्च मसाला से परहेज रखने की सलाह दी। जी एस राजवाड़े, टी आर देवांगन, कृष्ण कुमार चौहान एवं रामभरोस कैवर्त के द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए समस्याओं से बचने के लिए आवश्यक उपाय की जानकारी भी प्रदान की गई। अध्यक्ष एवं योगाचार्य रमेन्द्र सिंह चौहान ने भगवद्गीता को संदर्भित करते हुए शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक समस्याओं से निजात पाने के लिए विस्तार से चर्चा की। पारिवारिक व सामाजिक समस्याओं के निराकरण के लिए श्रीमति आशालता सिंह ने अपना विचार रखा। कोरोना काल में वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली छूट जो निरस्त की गई थी बैठक के दौरान उसे पुनः बहाल करने की मांग उठाने की बात हुई। वीर चक्र से सम्मानित शहीद अंशुमान सिंह की धर्मपत्नी जो शहीद की स्मृति चिन्ह व धनराशि लेकर मायके चली गयी व अपने सास ससुर को स्मृति चिन्ह तक नहीं दी गई। इस कृत्य की मंच द्वारा निंदा करते हुए ऐसे प्रकरणों में न्यायालय में 50-50 प्रतिशत पत्नी को एवं शहीद के माता पिता को प्रदान करने के लिए आवश्यक कानून में संशोधन करने के लिए मांग किए जाने पर सहमति जताई गई।



## साइकिल मिलने से छात्राओं की स्कूल की राह हुई आसान

**बिर्रा।** बम्हनीडीह विकासखंड के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलादेही में सरस्वती साइकिल योजना के तहत 20 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। साइकिल मिलते ही बच्चियों के चेहरे खिल उठे। बम्हनीडीह भाजपा मंडल अध्यक्ष होरीलाल कलार ने कहा कि इस योजना से मिलने वाली साइकिल से छात्राओं को काफी फायदा हुआ। अब बेटियां साइकिल चलाकर स्कूल पहुंचती हैं। पहले भी कई बेटियां स्कूल दूर होने के कारण पढ़ाई छोड़ देती थी, लेकिन इस योजना से ऐसी बेटियां फिर से स्कूल की तरफ आने लगी हैं। ये समाज व बेटियों की शिक्षा में एक महत्वपूर्ण योगदान देने वाली योजना है। सरपंच रामधन सारथी ने कहा कोई भी छात्रा साधन के अभाव में पढाई से वंचित न हो, इसके लिए शासन ने यह योजना लागू की है। सभी छात्राओं को सतत पढाई के माध्यम से आगे बढने एवं अपने स्कूल का नाम रोशन कर अपने माता पिता एवं गांव का नाम भी रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सरपंच रामधन सारथी, हीरालाल कहरा, संजू साहू, विनोद साहू, प्रभारी प्राचार्य शमरीन खान, सुरेश यादव, रेवितेन्द्र जायसवाल, विक्की सेठी, गीता जायसवाल, प्रिती मिंज, अर्पणा सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजन की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

जिला कार्यालय में आयोजित हुए जनदर्शन में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्र से अपनी समस्या लेकर पहुंचे ग्रामीणों की विस्तारपूर्वक समस्या सुनी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 29 आवेदन प्राप्त हुए।

जनदर्शन में तहसील जैजैपुर अंतर्गत ग्राम हरदी सिरली निवासी बरातू यादव ने लैंड सीडिंग समस्या को सुधार करने के संबंध में, तहसील मालखरौदा अंतर्गत ग्राम आमनदुला निवासी राजू श्रीवास ने अपनी पुत्री को हैप्पी पब्लिक स्कूल पोता में निःशुल्क शिक्षा दिलाने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत कसेरपारा मोहल्लावासी ने वार्ड नंबर 1 में नाली एवं रोड बनाने के संबंध में, तहसील अड़भार अंतर्गत ग्राम सकर्रा निवासी श्रीमती उषा बाई ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण की प्रोत्साहन राशि दिलाये जाने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत कसेरपारा मोहल्लावासी ने वार्ड नंबर 1 के सीसी रोड में लगे विद्युत पोल असुविधाजनक होने से विद्युत पोल को हटाने के संबंध में, ग्राम केरीबंधा निवासी सुश्री विनोती कुमारी पटेल ने मितानिन महतारी जतन योजना अंतर्गत सहायता राशि नहीं मिलने के संबंध में, तहसील हसौद अंतर्गत ग्राम कैथा निवासी सालिक राम केंवट ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के संबंध में, तहसील मालखरौदा अंतर्गत आडिल निवासी

■ आवेदनों का परीक्षण कर समय सीमा में निराकृत करने दिए निर्देश



जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों की समस्या सुनते कलेक्टर।

श्रीमती भगवतींन केंवट ने राशन कार्ड में आवश्यक सुधार करने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम सलिहाभाठा निवासी हिरदेराम चौहान ने किसान सम्मान निधि के आवेदन में सुधार करने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम आमापाली निवासी धनीराम पटेल ने किसान सम्मान निधि योजना के तहत राशि दिलाने के संबंध में, तहसील जैजैपुर अंतर्गत ग्राम मुरलीडीह निवासी छेदीलाल साहू ने वृध्दा पेंशन विगत वर्ष से नहीं मिलने के संबंध में सहित अन्य विभिन्न आवेदको द्वारा सप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन दिया गया। इसी प्रकार अन्य विभिन्न आवेदकों द्वारा स्वास्थ्य उपचार, अंत्योदय राशन कार्ड निर्माण, रोजगार की मांग, सड़क नाली निर्माण, जाति प्रमाण पत्र, अतिक्रमण हटाने, रिकार्ड दुरुस्ती, अभिलेख शुद्धता, नामांतरण, मुआवजा दिलवाने, सीमांकन कराने जैसे अन्य आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर आवेदनों का परीक्षण कर शासन के नियमानुसार समय सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## राज्य नीति आयोग की बैठक में शामिल हुए जिले के दो प्रगतिशील युवा किसान

**बहेराडीह।** छत्तीसगढ़ राज्य नीति आयोग द्वारा न्यू सर्किट हाउस रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णदेव साय और वित्त मंत्री ओ पी चौधरी के मौजूदगी में आयोजित राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़ विजन 2047 संवाद कार्यक्रम में जिले के प्रगतिशील युवा किसान खूबचंद बघेल पुरस्कार से सम्मानित रामप्रकाश केशरवानी और भारत के पहला किसान स्कूल वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक व छत्तीसगढ़ राज्य आरसेटी के कृषि उद्यमी के मास्टर ट्रेनर, असेसर दीनदयाल यादव शामिल हुए। छत्तीसगढ़ राज्य नीति आयोग की ओर से छत्तीसगढ़ विजन डॉक्यूमेंट 2047 तैयार करने के संबंध में मंगलवार 16 जुलाई को राजधानी रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।छत्तीसगढ़ राज्य को देश में कृषि और प्रसंस्कृत सुपर फ़ूड का पावर हाउस बनाने राज्य के सभी जिलों के किसानों ने कृषि और खाद्य प्रसंस्करण, बागवानी फसलों, कृषि क्षेत्र में बुनियादी ढांचे में सुधार सहित अनेक मुद्दों पर अपना अपना सुझाव दिए गए हैं। बैठक में कृषि से संबंधित लक्ष्य, चुनौतियों एवं सामर्थ्य विषय पर विस्तार से मंथन किया गया।



## युवतियों ने रैली निकालकर चलाया नशा मुक्ति अभियान

**सरवानी।** शक्ति क्लब सरवानी परसापाली एवं इंदिरा फेलोशिप के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम सरवानी परसापाली मे युवतियों ने नशा मुक्ति अभियान चलाया। नशा मुक्ति अभियान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरवानी की छात्राएं भी शामिल हुईं। नशा मुक्ति अभियान के तहत पूरे गांव मे छात्राओं एवं गांव की युवतियों ने रैली निकाली एवं पूरे गांव मे भ्रमण कर नशा के स्वास्थ पर विपरीत प्रभाव को बताते हुए आज से ही नशा छोड़ने प्रेरित किया गया। छात्राओं ने शराब, गांजा, गुटखा, खैनी, गुडाखू आदि नशीले पदार्थ सेवन करने वाले लोगों को कहा कि नशा सिर्फ शरीर को नुकसान नहीं पहुंचाती है ब्लकि घर परिवार मे अशांति लड़ाई झगड़े एवं आर्थिक हानि का भी प्रमुख कारण है जिससे पारिवारिक तनाव भी बढ़ता है और आए दिन घर के भीतर लड़ाई झगड़े और हिंसा का कारण भी बनता है। इन सभी से मुक्ति के लिए जरूरी है कि आज ही सभी प्रकार के नशीले पदार्थों के सेवन को आज ही ना कहें। नशा मुक्ति अभियान पर इंदिरा फेलोशिप के मेंबर निर्मला बरेठ ने कहा कि हम सभी युवतियों द्वारा मिलकर गांव मे युवाओं की नई शुरुआत कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके अतंर्गत गांव में नशा मुक्ति, वृक्षारोपण, जल जीवन जल संरक्षण सभी अन्य गंभीर मुद्दों पर कार्यक्रम एवं अभियान चलाकर इन सभी बेहतर परिणाम के लिए कार्य करेगी और जिससे समाज एवं गांव में विकास को नई दिशा दिया जा सके। नशा मुक्ति अभियान में निर्मला बरेठ, मीना यादव, प्रतिभा महंत, कलेश्वरी महंत, ईशा यादव, सहित सैकड़ों की संख्या मे युवतियों एवं स्कूली छात्रों ने हिस्सा लिया।




## पूर्व माध्य शाला धमनी में शाला नायक का चुनाव

**हसौद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धमनी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शाला नायक, उप शाला नायक, कक्षा नायक, उप कक्षा नायक का चुनाव विधिवत सम्पन्न हुआ। इस क्रम में तीन बच्चे हितेंद्र कुमार रात्रे, नम्रता साहू, उपेश कुमार ने शाला नायक के लिए नामंकन पत्र जमा किया। इसके बाद बच्चों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसा चुनाव में हितेंद्र ने नम्रता से 7 वोट के अंतर से जीत दर्ज कर शाला नायक बना तथा नम्रता साहू कक्षा 8 वी से उपशाला नायक बनी। महिमा कोयल कक्षा 7 वी के कक्षा नायक तथा 6 वी कक्षा से आरुषि कोयल को कक्षा नायक बनाया गया। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धमनी में पदस्थ नवाचारी शिक्षक जगजीवन प्रसाद जांगड़े ने बताया कि आज के बच्चे कल के भविष्य है। अभी से देश का नागरिक बनकर एक दिन चुनाव में मत का प्रयोग कैसे किया जाता है जानकारी दी गई। कई बार जानकारी के अभाव में लोग अपना मत देने से वंचित हो जाते है। मत का अधिकार देश के सभी नागरिक जिसकी आयु 18 वर्ष होता है उन सभी को मताधिकार का अधिकार रहता है। चुनाव के पश्चात विद्यार्थियों में पढ़ाई के साथ साथ विद्यालय के प्रति रुचि बढ़ रहा है इस सत्र मिडिल स्कूल धमनी में पालक भी खुश होकर एडमिशन करा रहे है। 2024 - 25 में दर्ज संख्या बढ़कर 110 हो गया है। इस अवसर शाला प्रबंध के सदस्य देवप्रसाद साहू, धनेश्वरी साहू, टीकम उपस्थित थे।



### खनिज उद्योग संघ ने बिरगहनी स्कूल में किया पौधरोपण व मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

# प्रकृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए पौधरोपण जरूरी: चंदेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

खनिज उद्योग संघ की चांपा-बिरगहनी-देवरहा इकाई द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अभिनव पहल एक पेड़ मां के नाम के तहत मंगलवार 16 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे से शासकीय माध्यमिक शाला बिरगहनी में वृहद वृक्षारोपण का आयोजन सहित हाईब्रिड पौधों का वितरण तथा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण प्रसाद चंदेल थे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बिरगहनी के सरपंच ओमप्रकाश पटेल, देवरहा की महिला सरपंच श्रीमती द्रौपदी कन्हैया केंवट तथा जिला खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा भी मौजूद थे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि नारायण प्रसाद चंदेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान चलाकर देश भर में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की मुहिम को व्यापक जनआंदोलन का रूप दिया गया है। इस वर्ष पड़ी भीषण गर्मी ने भी जनमानस को पौधरोपण के लिए सचेत किया है। हर व्यक्ति अपनी माँ से भावनात्मक रूप से जुड़ा होता है इसलिए हमें केवल पौधरोपण ही नहीं वरन् लगाये गये पौधे के रख-रखाव और संरक्षण के प्रति भी जागरूक होना चाहिए तभी हम पर्यावरण को संतुलित बनाये रख सकते हैं। हमें प्रकृति को बचाने के लिए देश भर को पौधरोपण कर हरा-भरा करना होगा। इससे ही हम ग्लोबल वार्मिंग से बच सकने में सफल हो सकते हैं। जिला खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा ने भी खनिज उद्योग संघ द्वारा आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम की सराहना की। अतिथियों के मंचासीन होने के पश्चात संघ द्वारा उनका सम्मान एवं स्वागत पुष्पगुच्छ भेंटकर तथा कौसेय शाल पहनाकर व श्रीफल भेंट कर किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने शाला परिसर में पौधरोपण करने के अलावा स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान मेडल व प्रशस्ति-पत्र तथा नगद राशि भेंटकर किया। उन्होंने इस दौरान ग्रामीणों को 100 हाईब्रिड पौधों का भी वितरण किया। समारोह का संचालन अनिल मोदी ने तथा अंत में आभार प्रदर्शन सूर्यकांत साहू ने किया। इस मौके पर प्राचार्य उदियाला सिंह राठिया, खनिज उद्योग संघ के अध्यक्ष महेश मोदी, आशीष गोयल, सुभाष शर्मा, अजय झाझड़िया, प्रकाश राठौर, महेश अग्रवाल, किशोर राठौर, राजेन्द्र राठौर, जमुना राठौर, जगराम साहू सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, स्कूल स्टाफ तथा ग्रामीण मौजूद थे।



समारोह को संबोधित करते मुख्य अतिथि नारायण चंदेल।



## लीनेस क्लब ने वृंदावन गौशाला में जाकर गौवंशों को खिलाया गुड़-चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

आंल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सी एम -1 संपदा की डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लीनेस प्रिया दुबे ने अपने डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट गौ सेवा के तहत अध्यक्ष लीनेस विजया जायसवाल के नेतृत्व में सक्ती के वृंदावन गौशाला में जाकर पशु आहार देकर गुड़ चना खिलाकी गौसेवा की। उन्होंने कहा कि गौवंश आज खत्म होते जा रहे है ये हमारे, प्रकृति संतुलन, भोजन, एवं आय के स्तोत्र है। आजकल लोगों के घरों में गाय रखने का जगह ही नहीं होता एवं व्यस्त जीवन के कारण पालना भी नहीं चाहते। इस अवसर पर लीनेस एरिया आफिसर शालू पाहवा, लता नायक, रामकुवर साहू, अनीता सिंह, निकहत करीम, अनीता राठौर, मनीषा भारद्वाज, ललिता साहु, रीता राज, मीरा देवांगन, प्रभा जायसवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।